
# शेफाली और साइमन हार्मर नवंबर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

## महिला विश्व कप 2025 फाइनल में 87 रन की पारी और दो विकेट के दम पर शेफाली को सम्मान



**दुबई, 15 दिसंबर** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने नवंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करते हुए भारतीय महिला टीम की विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली वर्मा और दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिन गेंदबाज साइमन हार्मर को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया है।

दोनों खिलाड़ियों को यह अवॉर्ड उनके असाधारण और मैच का रुख बदल देने वाले प्रदर्शन के लिए दिया गया, जिसने न केवल उनकी टीमों को महत्वपूर्ण जीत दिलाई, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी अहमियत को भी एक बार फिर रेखांकित किया।भारतीय महिला क्रिकेट के लिए यह एक गर्व का क्षण है, क्योंकि शेफाली वर्मा को यह सम्मान महिला विश्व कप 2025 के फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते मिला। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस खिताबी मुकाबले में शेफाली ने सलामी बल्लेबाज के रूप में जिम्मेदारी संभालते हुए 87 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी की खास बात यह रही कि उन्होंने स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 104 रनों की मजबूत साझेदारी कर टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। दबाव भरे फाइनल में इस साझेदारी ने भारत की जीत की नींव रखी। शेफाली का योगदान केवल बल्लेबाजी तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने गेंदबाजी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सून लुस और मेरिजान कैप जैसे अहम विकेट झटके। फाइनल जैसे बड़े मंच पर इस तरह का हरफनमौला प्रदर्शन उनकी मैच विनर क्षमता को दर्शाता है।



पुरुष वर्ग में यह सम्मान दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के स्पिनर साइमन हार्मर को मिला, जिन्होंने बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज को पीछे छोड़ते हुए पहली बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब अपने नाम किया। हार्मर ने यह पुरस्कार एक यादगार टेस्ट सीरीज के दम पर हासिल किया, जिसमें उनका प्रदर्शन काबिले-तारीफ रहा। हार्मर ने भारत के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक 2-0 की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि वर्ष 2000 के बाद भारत की धरती पर दक्षिण अफ्रीका की यह पहली टेस्ट सीरीज जीत थी। दो मैचों की इस सीरीज में हार्मर ने कुल 17 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।



# भारत ने जीता स्क्वैश विश्व कप

## फाइनल में हांगकांग को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर** भारत ने साल 2025 खत्म होने से पहले खेल जगत में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है. भारतीय स्क्वैश टीम ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया. यह पहली बार है जब किसी एशियाई देश ने स्क्वैश वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है.

**▸ पूरे टूर्नामेंट में भारत ने एक भी मैच नहीं गंवाया**

रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने हांगकांग को 3-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. इस जीत की खास बात यह रही कि भारत ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं गंवाया. मिक्स्ड-टीम फॉर्मेट में खेला गया यह टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतरता का शानदार उदाहरण बना. इससे पहले भारतीय टीम कभी भी स्क्वैश वर्ल्ड कप के फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी.

### यह जीत युवाओं में स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी : पीएम





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई देते हुए इसे पूरे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। प्रधानमंत्री ने इस जीत के व्यापक प्रभाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि स्क्वैश विश्व कप में भारत की यह सफलता युवाओं के बीच इस खेल की लोकप्रियता को और बढ़ाएगी। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि खिलाड़ियों ने जिस अदम्य खेल कौशल और जुझारूपन के साथ दुनिया के सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को हराया, वह आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

# सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा आज



**ज्यूरिख ( स्विट्जरलैंड ), 15 दिसंबर** द बेस्ट फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कतर की राजधानी दोहा में आयोजित एक विशेष समारोह में मंगलवार को होगी। कल होने वाले इस समारोह का सीधा प्रसारण फीफाडॉटकॉम पर स्थानीय समय के अनुसार 20 बजे किया जाएगा।

अहमद बिन अली स्टेडियम में पेरिस सेंट-जर्मेन और सीआर फ्लेमेंगो के बीच फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप कतर 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर, दोहा के फेयरमोंट कटारा हॉल में फीफा सेलिब्रेशन 2025 रात्रिभोज के दौरान इस वर्ष के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोचों के नामों की घोषणा की जायेगी। इस समारोह में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो, फीफा परिषद के सदस्यों सहित 800 मेहमान शामिल होंगे।

# इंग्लैंड टीम में एटकिंसन की जगह जॉश टोंग शामिल



**तीसरा एशेज टेस्ट**

**अंग्रेज टीम ने एक बदलाव के साथ किया टीम का ऐलान**

**एडिलेड, 15 दिसंबर इंग्लैंड ने एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले एशेज टेस्ट के तीसरे मुकाबले के लिए एक बदलाव के साथ एकादश की पुष्टि कर दी है।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, मेहमान टीम ने अपनी टीम में एक बदलाव किया है, जिसमें गस एटकिंसन की जगह साथी तेज गेंदबाज जॉश टोंग को एकादश में शामिल किया गया है। बेन स्टोक्स टीम की कप्तानी करना जारी रखेंगे, जबकि विल जैक्स ने दूसरे टेस्ट के लिए शामिल किए जाने के बाद एकादश में अपनी जगह बनाए रखी है।

### बोंडी बीच की घटना पर किया दु:ख व्यक्त

**सिडनी .** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को बोंडी बीच पर हुए दुखद हमले पर दुख और शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों, उनके परिवारों और यहूदी समुदाय के प्रति संवेदना व्यक्त की। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर जारी एक एक संयुक्त बयान में दोनों क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वे 'कल शाम बोंडी बीच पर हुई दुखद घटनाओं से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस बेहद दुखद समय में उनकी संवेदनाएं 'पीड़ितों, उनके दोस्तों और परिवारों, यहूदी समुदाय और ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ हैं। हमारी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ खड़े हैं।

### इंग्लैंड एकादश

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर और जॉश टोंग।

# जय शाह ने मैसी को गिफ्ट किया टी-20 विश्व कप का टिकट

**फिर से लियोनेल मैसी को बुलावा**




**नई दिल्ली 15 दिसंबर.** अगले साल फरवरी-मार्च में टी20 वर्ल्ड कप 2026 खेला जाना है. भारत का पहला मैच 7 फरवरी को यूएसए के साथ होगा. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ड्ढष्ट चेयरमैन जय शाह ने वर्ल्ड कप का पहला टिकट लॉन्च किया.

जय शाह ने लुइस सुआरेज और रोड्रीगो डी पॉल को भारत की टी20 वर्ल्ड कप जर्सी भी भेंट की. इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी वहां मौजूद रहीं. जय शाह ने भारत बनाम यूएसए टी20 वर्ल्ड कप मैच का टिकट मेसी को दिया. यह मैच 7 फरवरी को खेला जाएगा. बताते चलें कि टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी-8 मार्च तक खेला जाएगा. यह लियोनेल मेसी के त्द्धश्व टूर का तीसरा और आखिरी दिन रहा. वो इससे पहले कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई का दौरा कर चुके थे. अरुण जेटली स्टेडियम में मेसी, सुआरेज और डीपॉल ने बच्चों के साथ फुटबॉल भी खेला.

अरुण जेटली स्टेडियम में एक एग्जीबिशन मैच भी खेला गया. मिनर्वा मेसी ऑलस्टार्स ने सेलिब्रिटी मेसी ऑल स्टार्स को 6-0 से हराया.

### इतना पैसा खिलाड़ियों पर खर्च होता तो...



ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा ने फुटबॉल स्टार लियोनेल मेसी के भारत दौरे पर चल रही तैयारियों को लेकर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने कहा कि यह तमाशा उन्हें शांत उदासी का अनुभव दिलाता है और इससे यह चिंता पैदा होती है कि वास्तव में देश खेलों में क्या प्राथमिकता दे रहा है. बिंद्रा ने यह स्पष्ट किया कि वह मेसी की आलोचना नहीं कर रहे हैं. उन्होंने मेसी का जिक्र महान खिलाड़ियों में किया. लेकिन उन्होंने इस दौरे पर सवाल उठाए जहां मेसी को लेकर इतनी बड़ी तैयारियां हो रही हैं और अव्यवस्था देखने को मिल रही है. मेसी का तीन दिनों और चार शहरों में फैला यह टूर जबरदस्त प्रशंसक दिलचस्पी का कारण बना, लेकिन कई जगह अव्यवस्था और अराजकता भी सामने आई. बिंद्रा ने कहा कि टूर के कुछ हिस्सों ने उन्हें सोचने पर मजबूर किया.

# सभी खिलाड़ी विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर बीसीसीआई ने घरेलू क्रिकेट को महत्व देते हुए फैसला किया है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और मौजूदा भारतीय टीम के सभी सीनियर खिलाड़ी आगामी विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो मुकाबले खेलेंगे।**

**▸ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने तय किया**

यह टूर्नामेंट 24 दिसंबर से शुरू हो रहा है और बोर्ड का उद्देश्य खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट से जोड़े रखना और सभी के लिए समान नियम लागू करना है। चयन समिति के नेतृत्व में यह निर्देश खिलाड़ियों तक पहुंचाया गया है। टेस्ट सीरीज में कमजोर प्रदर्शन के बाद यह रिव्यू किया गया था कि सभी फॉर्मेट्स में घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता दी जाए। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपनी उपलब्धता पहले ही सुनिश्चित कर दी है, जबकि शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव को भी कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा गया है। श्रेयस अय्यर फिटनेस कारणों से फिलहाल बाहर रह सकते हैं।

बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि विजय हजारे ट्रॉफी में कुल छह राउंड होंगे और खिलाड़ी अपनी सुविधा के अनुसार दो राउंड में खेल सकते हैं। केवल वही खिलाड़ी छूट पा सकते हैं जिन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनफिट घोषित करे। इस बीच, जसप्रीत बुमराह पारिवारिक कारणों से तीसरे टी20 मैच से पहले घर लौट गए हैं और हालात सुधरने पर चौथे या पांचवें टी20 मैच में टीम से जुड़ सकते हैं। बीसीसीआई जनवरी के पहले सप्ताह में टी20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड सीरीज की टीम का एलान एक ही दिन कर सकती है, जिसमें संभावना है कि दोनों के लिए टीम समान रहेगी।

अंडर-19 एशिया कप

# बांग्लादेश ने नेपाल को सात विकेट से हराया

**दुबई 15 दिसंबर. गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद जवाद अबरार की शानदार ( नाबाद 70 ) की पारी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में नेपाल को 151 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।**

**▸ जवाद अबरार ने खेली नाबाद 70 रन की पारी**

आज यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बंगलादेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बल्लेबाजी करने उतरी नेपाल की पूरी टीम 31.1 ओवर में 130 के स्कोर पर सिमट गई। अभिषेक तिवारी ने नेपाल के लिए सर्वाधिक 30 रनों की पारी खेली। आशीष लुहा (23), सहिल पटेल (18) और नीरज कुमार यादव (14) नेपाल के शीर्ष स्कोरर रहे। नेपाल के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के लिए एम सोबुज ने तीन विकेट लिये। साद इस्लाम, शहरयार अहमद और अजीजुल हकीम को दो-दो विकेट मिले। शहरिया अल-अमीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बंगलादेश ने 24.5 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 29 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। रिफत बेग (पांच) और कप्तान अजीज़ुल हकीम (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय कलाम सिद्दीकी ने अबरार के साथ पारी को संभाला।

### रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका जीता

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद विरन चामुदिता (62) और चमीका हीनातिगाला (नाबाद 51) की जुझारू पारियों के दम पर श्रीलंका ने सोमवार को अंडर-19 एशिया कप ग्रुप बी मुकाबले में अफगानिस्तान को चार गेंदे शेष रहते दो विकेट से हरा दिया। आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 235 रनों का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में खालिद अहमजई (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद उस्मान सादत और फैसल शिनोजदा की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों दूसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़े। 22वें ओवर में चमीका हीनातिगाला ने फैसल शिनोजदा (39) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अंतराल पर अफगानिस्तान के विकेट गिरते रहे। उस्मान सादत ने 87 गेंदों में सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली।

# फॉर्म में हूं, रन नहीं बन रहे : सूर्य कुमार यादव

## तीसरे टी-20 की जीत के बाद टीम इंडिया के कप्तान का आत्मविश्वासी बयान

**धर्मशाला, 15 दिसंबर ।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने खराब स्कोर को लेकर उठ रहे सवालों पर खुलकर जवाब देते हुए कहा है कि वह फॉर्म से बाहर नहीं हैं, बस रन नहीं बन पा रहे हैं।

तीसरे टी-20 मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने 11 गेंदों में 12 रन बनाए, जबकि उपकप्तान शुभमन गिल भी 28 गेंदों में 28 रन ही बना सके। हालांकि इसके बावजूद भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर मैच आसानी से अपने नाम किया। मैच के हीरो रहे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अर्शदीप ने मैच के बाद कहा कि हर दिन एक जैसा नहीं होता। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले मैच में वह अपनी योजना को सही तरीके से लागू नहीं कर पाए थे, लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने बुनियादी चीजों पर ध्यान केंद्रित किया। अर्शदीप ने कहा, 'मैंने बस गेंद को सही एरिया में पिच किया और विकेट से मिल रही मदद का इस्तेमाल किया।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 मुकाबले में भारत की सात विकेट की शानदार जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में सूर्यकुमार ने कहा कि क्रिकेट उन्हें धैर्य और वापसी करना सिखाता है और सही समय आने पर रन अपने आप आएंगे। सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'खेल आपको बहुत कुछ सिखाता है। आप कैसे वापसी करते हैं, यह ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। पिछले मैच में हमने काफी कुछ सीखा और आज हमने वही चीजें मैदान पर लागू कीं। जहां तक मेरी फॉर्म की बात है, मैं नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। जब रन आने होंगे, तब आएंगे। मैं फॉर्म से बाहर नहीं हूं, बस रन नहीं बन रहे हैं।' कप्तान का यह बयान टीम के भीतर भरोसे और सकारात्मक माहौल को दर्शाता है।

# न्यू साउथ वेल्स खिलाड़ी पर लगा प्रतिबंध

**न्यू साउथ वेल्स ( ऑस्ट्रेलिया ), 15 दिसंबर.** युवा खिलाड़ियों के साथ कथित दुर्व्यवहार की एक गंभीर शिकायत के बाद न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के एक क्रिकेटर पर किसी भी स्तर पर खेलने पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

**▸ कथित दुर्व्यवहार की 'गंभीर शिकायत'**

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में छपी खबर के अनुसार, एनएसडब्ल्यु और एक टी-20 टीम के लिए खेल चुके एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोर्ड की एक आपात बैठक के बाद रद्द कर दिया गया है। यह संवेदनशील मामला है और पुलिस इसकी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

बयान में कहा गया है, 'एक गंभीर शिकायत के बारे में पता चलने के बाद क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया है। नतीजतन, उसे क्रिकेट से जुड़े सभी मामलों में शामिल होने से अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया गया है। जब तक जांच चल रही है, हम इस मामले पर और टिप्पणी नहीं कर सकते।'

**नीलामी** — आज दुबई में आईपीएल-19 का मिनी ऑक्शन

# ऋषभ पंत का आईपीएल रिकॉर्ड टूटेगा क्या?




**नई दिल्ली 15 दिसंबर.** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। इस बार 10 टीमों के पास कुल 237.55 करोड़ रुपए का पर्स है, जबकि ऑक्शन में 350 खिलाड़ी उतरेंगे, लेकिन सिर्फ 77 ही बिक पाएंगे।

सबसे ज्यादा स्लॉट कोलकाता नाइट राइडर्स में खाली हैं और उनके पास 64.30 करोड़ का सबसे बड़ा पर्स है। चेन्नई सुपर किंग्स के पास 43.40 करोड़, जबकि मुंबई इंडियंस के पास केवल 2.75 करोड़ रुपए बचे हैं। प्लेयर बेस प्राइस इस बार 30 लाख रुपए से लेकर 2 करोड़ रुपए तक है। आईपीएल ऑक्शन इतिहास में ऋषभ पंत सबसे महंगे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्हें लखनऊ सुपरजायंट्स ने पिछले साल 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। इस मिनी ऑक्शन में बड़े विदेशी नाम जैसे आंद्रे रसेल, ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसिस रजिस्ट्रेशन नहीं कराए हैं। ऐसे में युवा खिलाड़ी और घरेलू स्टार्स जैसे आकिब नबी, प्रशांत वीर और शिवम शुक्ला पर टीमें बड़ी रकम खर्च कर सकती हैं।

ऑक्शन की प्रक्रिया में इंटरनेशनल खिलाड़ियों के बाद अनकैप्ड यानी घरेलू खिलाड़ियों की बोली लगेगी। ऑक्शन के दौरान 50 से अधिक खिलाड़ी बिकने के बाद एक्सलरेटेड राउंड शुरू होगा और अंत में कुल 77 खिलाड़ी ही खरीदे जाएंगे। इतिहास में अब तक छह खिलाड़ी 16 करोड़ से ज्यादा में बिक चुके हैं, जिनमें मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस की बोली 20 करोड़ तक पहुंच चुकी है।

# शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबाजी से रोका

**जिलॉन्ग ( ऑस्ट्रेलिया ) 15 दिसंबर। बिग बैश लीग ( बीबीएल ) में ब्रिस्बेन हीट बनाम मेलबर्न रेनेगेड्स के बीच खेले जा रहे मैच में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे शाहीन शाह अफरीदी को गेंदबाजी से हटा दिया गया।**

यह घटना रेनेगेड्स की पारी के 18वें ओवर में उस समय हुई जब ब्रिस्बेन हीट के लिए अपना पहला मैच खेल रहे अफरीदी ने दो कमर-ऊंचाई वाली फुल टॉस गेंदें फेंकीं % एक टिम सीफर्ट को और एक ओली पीक को% और इसके बाद उन्हें गेंदबाजी से हटा दिया गया। जब उन्हें बताया गया कि अब वह गेंदबाजी नहीं कर सकते, तो अफरीदी ने हल्की मुस्कान दी, क्योंकि हीट के कप्तान नाथन मैकस्वीनी को ओवर पूरा करने के लिए आखिरी दो गेंदें फेंकनी पड़ीं। 18वें ओवर की खराब गेंदबाजी से पहले, अफरीदी ने उस ओवर में 19 रन दिए। अफरीदी ने बीबीएल में 2.4 ओवरों में तीन नो बॉल और दो वाइड गेंदे फेंकी। बहुत धूमधाम के साथ गेम में एंट्री करने वाले अफरीदी को पदार्पण मैच में जहां गेंदबाजी से रोका गया।

**▸ बीबीएल में खतरनाक गेंदबाजी कर रहे थे**